▪ माघ शुक्ल - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 174 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 18-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

|| जय श्री श्याम ||

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

खाटू वाले श्याम की जय

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

हारे के सहारे की जय




खूब सजा है बाबा दरबार तुम्हारा, हर काज संवरता है यहां हमारा
बेंगलूरु में लगा है दरबार निराला, जन्मोजन्म तक बाबा बस तेरा ही सहारा।

विशेष : आज श्याम मंदिर भक्तों के दर्शनार्थ पूरे दिन खुला रहेगा।

बाबा के चरणों में नतमस्तक

| | | |
|---|---|---|
| बाबा श्याम भक्त | किशोरीलाल मोहता परिवार | बाबा श्याम भक्त |
| रेवंतमल विकासकुमार झंवर परिवार | डॉ सतीश गोयल परिवार | प्रभात किशनपुरिया परिवार |
| सज्जन रामकिशन शर्मा परिवार | लक्ष्मीनारायण देवकीनंदन डागा परिवार | कमलेश रामगोपाल डीडवानिया परिवार |
| सुनीलकुमार जुगलकिशोर शाह परिवार | डॉ मुकेशकुमार जांगीड़ परिवार | अर्जुनलाल, डॉ अभिषेक, अंकित मोदी |
| मनीष महनसरिया परिवार | उपेश शर्मा परिवार | TASTIQUE NAGWARA<br>FINE DINE VEG. RESTAURANT : 93806 58212 |



# राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता के लिए पीएमश्रीकेवी एमईजी और केंद्र की लड़कियां दिल्ली रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राष्ट्रीय स्तर की स्कूल बैंड प्रतियोगिता 21 से 22 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली है। पीएम श्री केवी एमईजी एंड सेंटर, बेंगलूरु की 27 लड़कियां वहां अपना शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

टीम अपने शिक्षकों की देखरेख में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाएगी। इसके लिए 4 महीनों का कठोर और नियमित अभ्यास किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य लोकेश बिहारी शर्मा, शिक्षकों और आर्मी एमईजी सेंटर ने बच्चियों को प्रोत्साहित किया।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। साल 2017 में प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से हर साल सैकड़ों स्कूलों ने इसमें भाग लिया है। प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की जाती है।

# मोदी कल बेंगलूरु में बोइंग के अत्याधुनिक वैश्विक तकनीकी परिसर का उद्घाटन करेंगे



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जनवरी को अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग के नए अत्याधुनिक वैश्विक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी नवाचार परिसर का उद्घाटन करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह परिसर केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बेंगलूरु के बाहरी इलाके देवनहल्ली में स्थित है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय विमानन क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी के लिए एक रूपांतरकारी बोइंग कार्यक्रम भी शुरू करेंगे।

# एचएसबीसी इंडिया ने देश में अपनी सबसे बड़ी शाखा खोली

बेंगलूरु/नई दिल्ली। एचएसबीसी इंडिया ने भारत में अपनी सबसे बड़ी शाखा खोलने की घोषणा की है। एचएसबीसी इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेंगलूरु के व्हाइटफील्ड में स्थित यह शाखा 8,300 वर्ग फुट में फैली है। बैंक का इरादा क्षेत्र के समृद्ध लोगों को अपने साथ जोड़ने का है।

यह एचएसबीसी इंडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि वह देश में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय बैंक के रूप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है।





# 'ऐसे लेकर जाएंगे भगवान को?'

## मूर्तियां हटाने के 'तरीके' से लोग आक्रोशित, किया विरोध-प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। एक ओर जहां अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर देश-विदेश में लोग हर्षित हैं, जगह-जगह भजन-कीर्तन हो रहे हैं, वहीं बेंगलूरु में एचएमटी रोड स्थित 'प्लेटिनम सिटी' में भगवान की मूर्तियां 'अपमानजनक ढंग' से हटाने का मामला सामने आया है।

यहां के निवासियों ने बताया कि वे महीनेभर से सोसाइटी प्रांगण के एक हिस्से में भगवान गणपति, शिवजी, पार्वती, हनुमानजी की मूर्तियां और राम-दरबार का चित्र लगाकर पूजन कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधवार शाम को बिल्डर अपनी कार से आया और मूर्तियों, राम-दरबार और पूजन सामग्री को 'अपमानजनक ढंग' से गाड़ी में डाल दिया। इसके बाद लोगों ने भारी विरोध-प्रदर्शन किया तो सभी मूर्तियां सोसाइटी निवासियों को दे दीं। इस घटना से लोग आक्रोशित हो गए और सोसाइटी प्रांगण में इकट्ठे हो गए। मौके पर पुलिस को भी बुला लिया, जिसने मामले को शांत करवाया।

स्थानीय निवासी योगेश जिंदल ने बताया कि सोसाइटी के लोगों की इच्छा थी कि वे मंदिर बनाएं। इसके लिए 80 प्रतिशत लोगों ने लिखित में सहमति भी दी थी। इसके बाद वे सोसाइटी के ही एक हिस्से में, जहां से लोगों की आवाजाही में कोई दिक्कत नहीं थी, मूर्तियां विराजित कर भजन-पूजन करने लगे थे।

यहां महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी बैठने की व्यवस्था की गई थी। यह स्थान हर समुदाय के लोगों के लिए खुला था। उन्होंने बताया कि शाम करीब 5 बजे बिल्डर और उसके लोग आए तथा भगवान की मूर्तियां आदि कार की डिक्की में 'अपमानजनक ढंग' से डालकर ले जाने लगे। इससे लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। लोगों का कहना है कि बिल्डर को पहले बात करनी चाहिए थी। वे इसके लिए बैठक करने को तैयार हैं। यही नहीं, अगर दूसरी जगह हो तो वहां मंदिर निर्माण हो सकता है, लेकिन मूर्तियों को इस तरह उठाकर डिक्की में डालना उचित नहीं है।

एक और स्थानीय निवासी गोपाल अग्रवाल ने बताया कि सोसाइटी में मंदिर की स्थापना के लिए इंचार्ज से कहा था। उन्होंने बताया कि लोगों का प्रस्ताव था कि बिल्डर स्वयं यहां आकर बैठक करे, जिससे सोसाइटी से जुड़े अन्य मसलों पर भी बातचीत की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर ने कई बार विभिन्न मुद्दों की अनदेखी की, लेकिन जैसे ही मूर्तियों के बारे में पता चला, तुरंत आ गए और किसी को बिना बताए ले जाने लगे। उन्होंने कहा कि बिल्डर का यह तरीका गलत था। अगर उन्हें मूर्तियां हटानी ही थीं तो पहले लोगों से बात करनी चाहिए थी। बैठक में जो भी निर्णय होता, उसके अनुसार हम खुद मूर्तियों को अन्य स्थान पर स्थापित करते, लेकिन वे जिस तरह लेकर गए, डिक्की में डाला, वह सम्मानजनक तरीका नहीं है। अग्रवाल ने बताया कि लोगों के विरोध-प्रदर्शन के बाद बिल्डर ने मूर्तियां लौटा दीं और उन्हें पुन: उसी स्थान पर विराजमान किया गया है।

घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा गया कि जब कार की डिक्की खोली जाती है तो गणेशजी की मूर्ति पीठ के बल रखी मिलती है। इस पर लोग आपत्ति जताते हैं। वे कहते हैं- 'आप ऐसे लेकर जाएंगे भगवान को?' उसके बाद लोग मूर्तियों को डिक्की से बाहर निकालते हैं। उपस्थित लोगों ने 'जय श्रीराम' और 'गणपति बप्पा ...' के नारे भी लगाए। घटना की आस-पास के इलाकों में काफी चर्चा है। बता दें कि इस घटना में कोई भी मूर्ति खंडित नहीं हुई है।

# मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक वीडियो बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दक्षिण कन्नड़। कर्नाटक पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ अपमानजनक वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर फुटेज पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुरथकल शहर निवासी अनिल कुमार के रूप में की गई है। मूल रूप से उत्तर कन्नड़ जिले का अनिल कैब ड्राइवर के रूप में काम करते है। आरोपी को विभिन्न सरकारी लाभ योजनाओं का लाभ उठाने के लिए राशन कार्ड में लाभार्थी के रूप में अपना नाम जोड़ने में दिक्कत आ रही थी। इससे नाराज होकर कुमार ने कन्नड़ और टुलु भाषा में सिद्दरामैया और शिवकुमार को गाली देते हुए वीडियो बनाए। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अध्यक्ष सुहास अल्वा ने इस संबंध में मेंगलुरु पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। सूरतकल पुलिस ने इस संबंध में आईपीसी की धारा 153ए, 505 (1) (सी) और 504 के तहत मामला दर्ज किया है।

उद्घाटन



बेलगावी में बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने संगोल्ली बायलाहोंगला तालुक बेलगावी में संगोल्ली रायन्ना उत्सव का उद्घाटन करते हुए।

# आदेश का पालन न करने पर उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तीन साल से अधिक समय तक अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहने को लेकर राज्य सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की खंडपीठ, अदालत की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

याचिका में आरोप लगाया गया कि राज्य उच्च न्यायालय के साढ़े तीन साल पुराने आदेश का पालन करने में विफल रहा, जिसमें सरकार को सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों के बीच वेतन समानता लागू करने का निर्देश दिया गया था। निष्क्रियता पर गंभीर आपत्ति जताते हुए उच्च न्यायालय ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के छह अधिकारियों पर जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि इसे दो सप्ताह के भीतर वसूल किया जाना चाहिए।

अदालत ने सरकारी वकील की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत के पहले के आदेश को लागू करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा गया था। उच्च न्यायालय ने हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या राज्य सरकार ने 'मजाक' समझ समझ रखा है, उसने साढ़े तीन साल तक आदेश पर कार्रवाई क्यों नहीं की? उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार इस बात से अनभिज्ञ है कि आम लोग अदालतों के बारे में क्या राय रखते हैं।अदालत ने कहा कि लोग अनावश्यक रूप से अदालतों का रुख नहीं करते और वे तभी अदालत आते हैं जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचता है।

# बेंगलूरु आ रहे स्पाइसजेट का एक यात्री विमान के शौचालय में फंसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। स्पाइसजेट का एक यात्री मंगलवार को दरवाजे का 'लॉक' खराब होने के कारण विमान के शौचालय में करीब एक घंटे तक फंसा रहा। घटना के समय विमान हवा में था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रही उड़ान में हुई और एयरलाइन यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस कर रही है।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) घटना की जांच कर रहा है। एयरलाइन ने यात्री को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है।

विमान के बेंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और तब जाकर यात्री बाहर आ पाया। यात्री के बारे में तत्काल विवरण नहीं मिल सका है। प्रवक्ता ने बुधवार को एक बयान में कहा, सोलह जनवरी को, मुंबई से बेंगलूरु जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में दरवाजे के लॉक' में खराबी के कारण एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा। घटना के समय विमान हवा में था।

उन्होंने कहा, ''पूरी यात्रा में, हमारे चालक दल के सदस्यों ने यात्री को मदद और निर्देशन उपलब्ध कराया। विमान के उतरने पर एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और यात्री को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई।'' प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यात्री को टिकट का पूरा पैसा वापस किया जा रहा है।

इस बीच, यात्रियों की ओर से दिसंबर में रद्द की गईं उड़ानों के टिकट का पैसा वापस न मिलने की शिकायतें भी आ रही हैं। शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि दिसंबर 2023 या इससे पहले रद्द की गईं उड़ानों के लिए राशि वापसी एयरलाइन द्वारा संसाधित की गई है।

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, यह ध्यान रखना जरूरी है कि राशि वापसी की प्रक्रिया बुकिंग के स्रोत को निर्देशित की जाती है। ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से बुकिंग करने वाले यात्रियों के लिए राशि वापसी संबंधित ट्रैवल एजेंट को संसाधित की जाती है। कई यात्रियों ने स्पाइसजेट से पैसा वापस मिलने में देरी के बारे में सोशल मीडिया पर शिकायत की है।

डिजाइनर शिवि पाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हाल में एक पोस्ट में कहा कि उन्हें अभी तक वाराणसी से बुक की गई स्पाइसजेट की उस उड़ान के टिकट का पैसा वापस नहीं मिला है, जिसे 27 दिसंबर, 2023 को रद्द कर दिया गया था।

उन्होंने 11 जनवरी को पोस्ट में कहा था, स्पाइसजेट के साथ आप सभी को नए साल की खराब शुरुआत की शुभकामनाएं। सत्ताईस दिसंबर से लगभग 14 दिन हो गए हैं जब वाराणसी हवाई अड्डे से स्पाइसजेट की मेरी उड़ान रात में रद्द कर दी गई थी और कर्मियों द्वारा ब्यौरा लिये जाने के बावजूद अब तक पैसा वापस नहीं मिला है।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी मंदिर निर्माण कर सकते हैं : श्री श्री रविशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ज्योतिष्मठ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा आपत्ति जताये जाने के बीच आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई उदाहरण है जिनमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का निर्माण पूरा हुआ।



रविशंकर ने कहा कि शंकराचार्य एक अलग मत का अनुसरण करते हैं, लेकिन कई अन्य प्रावधान भी हैं जो प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी मंदिर निर्माण की अनुमति देते हैं। उन्होंने कहा, कई ऐसे प्रावधान है जिनके तहत आप प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी मंदिर का निर्माण जारी रख सकते हैं। तमिलनाडु के रामेश्वरम में भगवान राम ने स्वयं एक शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा' की थी। उस समय वहां कोई मंदिर नहीं था। उनके पास मंदिर बनाने का समय नहीं था। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की और बाद में मंदिर का निर्माण कराया गया।

उन्होंने आगे कहा कि यहां तक कि मदुरै मंदिर और तिरूपति बालाजी मंदिर भी शुरुआत में छोटे थे, जिन्हें बाद में राजाओं ने बनवाया। अयोध्या में मंदिर की आवश्यकता को उचित ठहराते हुए आध्यात्मिक गुरु ने कहा कि (इससे) उस गलती को सुधारा जा रहा जो पांच सौ वर्ष पहले हुई थी।

'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक ने कहा, यह एक सपने का साकार होना है। लोग पांच सदियों से इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह (कदम) 500 साल पहले हुई गलती को सुधारने के लिए है । इसलिए पूरे देश में उत्सव और उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि एक आदर्श समाज को हमेशा 'राम राज' के रूप में वर्णित किया जाता है, जहां हर कोई समान है, सभी के लिए न्याय (सुलभ) है, हर कोई खुश और समृद्ध है।

# महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को कर्नाटक में प्रवेश नहीं करना चाहिए : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को राज्य में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी इन खबरों के बीच आई है कि महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने अपने राज्य की सीमा से लगे 865 मराठी बहुल गांवों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का फैसला किया है।मुख्यमंत्री ने बेलगावी जिले



की बैलाहोंगला तालुक में सैनिक स्कूल के उद्घाटन के लिए रवाना होने से पहले यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमारे मुख्य सचिव ने (अपने महाराष्ट्र समकक्ष से) बात की है और उनसे (सरकारी अधिकारियों से) कर्नाटक में प्रवेश नहीं करने को कहा है।''

यह कदम कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बेलगावी पर सीमा विवाद के बीच उठाया गया है जो समय-समय पर भड़कता रहता है। यह विवाद 1957 से है जब भाषायी आधार पर राज्यों को पुनर्गठित किया गया था।

महाराष्ट्र बेलगावी पर अपना दावा करता है, जो पूर्ववर्ती बंबई प्रेसीडेंसी' का हिस्सा था, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में मराठी भाषी आबादी है। इसने 800 से अधिक मराठी भाषी गांवों पर भी दावा किया है जो वर्तमान में कर्नाटक का हिस्सा हैं। कर्नाटक का कहना है कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम और महाजन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भाषायी आधार पर किया गया सीमांकन अंतिम है।

# कर्नाटक सरकार ने डब्ल्यूईएफ में सात कंपनियों के साथ 22,000 करोड़ रुपये के एमओयू किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की दावोस में चल रही वार्षिक बैठक के दौरान सात कंपनियों के साथ 22,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

कर्नाटक के बड़े और मझोले उद्योग तथा अवसंरचना विकास मंत्री एम बी पाटिल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मंगलवार को इन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसमें एक निवेश समझौता 20,000 करोड़ रुपये का है। वेब वर्क्स ने राज्य में 20,000 करोड़ रुपये का डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं चार अन्य कंपनियों ने कुल 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। पाटिल की अगुवाई में राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूईएफ-2024 के दौरान विभिन्न उद्योग नेताओं के साथ कई बैठकों में हिस्सा लिया।

बयान में कहा गया है कि लुलु समूह विजयपुरा जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लगाने को तैयार है। उसकी इसमें निर्यात के लिए एक संयंत्र में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। इसी तरह टेकेडा फार्मास्युटिकल्स बेंगलूरु में एक वैश्विक नवोन्मेषण केंद्र स्थापित करने का इरादा रखती है। इसके लिए वह जगह की तलाश में है।


# यात्रा वृद्धि से भारत में आतिथ्य नौकरियों में हो रही बढ़ोतरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत में यात्रा में वृद्धि की वजह से दिसंबर 2022 और 2023 के बीच पर्यटन और आतिथ्य नौकरियों के लिए नियुक्तियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह खुलासा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। ग्लोबल हायरिंग और मैचिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में ब्लू-कॉलर हायरिंग में कुल मिलाकर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

यह वृद्धि न केवल महामारी के बाद उल्लेखनीय सुधार का संकेत देती है, बल्कि उभरते वैश्विक रुझानों के सामने नौकरी बाजार की अनुकूलनशीलता और लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उद्योग के लिए एक आशाजनक भविष्य को भी दर्शाती है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) के आर्थिक प्रभाव अनुसंधान ने भविष्यवाणी की है कि भारत विश्व स्तर पर यात्रा और पर्यटन उद्योग में तीसरा सबसे प्रभावशाली बाजार बन जाएगा।

इनडीड के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2023 में पर्यटन उद्योग में नियुक्तियां 61 प्रतिशत की वृद्धि के साथ चरम पर रहीं। इसे कई कारणों से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जैसे कि



मौसम में बदलाव, हिल स्टेशन की यात्रा, त्योहारी सीजन और अन्य कारणों से अक्टूबर पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय समय है।

नियुक्ति में वृद्धि का नेतृत्व करने वाले शीर्ष शहरों में दिल्ली-एनसीआर (23 प्रतिशत), मुंबई (5.19 प्रतिशत) और बेंगलूरु (6.78 प्रतिशत) शामिल हैं। कुल मिलाकर, ये शहर अपने विशिष्ट कमर्शियल, तकनीकी और सांस्कृतिक लाभों का लाभ उठाकर विभिन्न प्रकार के पर्यटन-संबंधित उद्योगों में आगे हैं। पुणे (2.33 प्रतिशत) और कोच्चि (2.41 प्रतिशत) सहित अन्य शहरों ने भी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनडीड में सेल्स प्रमुख शशि कुमार ने कहा, जैसा कि हम राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के करीब पहुंच रहे हैं, हमें अनुकूल रोजगार दृष्टिकोण को पहचानना चाहिए और बढ़ती भर्ती संभावनाओं के कारण अन्वेषण, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक उन्नति की जीवंत भावना का सम्मान करना चाहिए। जैसे-जैसे हम राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के करीब आ रहे हैं, हमें अनुकूल रोजगार दृष्टिकोण को पहचानना चाहिए और बढ़ती भर्ती संभावनाओं के कारण एक्सप्लोरेशन, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक उन्नति की जीवंत भावना का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा, शहरों में यह वृद्धि उनकी अनुकूलन क्षमता और पर्यटन क्षेत्र द्वारा कार्यबल के लिए लाए गए आर्थिक विकास को दर्शाती है। आतिथ्य और पर्यटन उद्योग ने भी 2023 में यात्रियों की प्राथमिकताओं में बदलाव देखा है, जिसमें स्थिरता और स्वच्छता जैसे कारक सबसे आगे आ रहे हैं। यात्री अब अपने यात्रा कार्यक्रम के बारे में अधिक विशिष्ट हैं। प्रकृति को गले लगाकर और स्थानीय अनुभवों का आनंद लेकर अपनी यात्रा के दौरान ऊर्जा की खपत को कम करने का लक्ष्य रखते हैं।

ऑटोमेशन ने कुछ क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है, जहां कई लोग वर्चुअल वास्तविकता पर्यटन में शामिल हो रहे हैं और चैटबॉट के माध्यम से टिकट बुक कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यटन क्षेत्र इन नए पैटर्न के अनुसार आकार ले रहा है और रोजगार सृजन भी हो रहा है।

